भापअ केंद्र, मुंबई की सामाजिक सरोकार से जुड़ी अर्ध-वार्षिक हिंदी वैज्ञानिक पत्रिका "परमाणु विज्ञान" के प्रथम अंक का लोकार्पण करते हुए श्री विवेक भसीन, निदेशक, भापअकें और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।

हिंदी माह-2025 में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को "हिंदी सितारा-2025" प्रदान करते हुए भापअ केंद्र के वरिष्ठ अधिकारीगण।

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई में राजभाषा के प्रचार-प्रसार के अंतर्गत जनवरी - फरवरी, 2026 के दौरान भापअ केंद्र राजभाषा समन्वय समिति एवं हिंदी अनुभाग और वैज्ञानिक सूचना संसाधन प्रभाग (वै.सू.सं.प्र) के संयुक्त तत्वावधान में निम्नवत कार्यक्रमों का आयोजन किया गयाः-

हिंदी पुस्तकों की विशेष प्रदर्शनी - दिनांक 12-30 जनवरी, 2026 तक वै.सू.सं.प्र द्वारा हिंदी पुस्तकों की विशेष प्रदर्शनी आयोजित की गई। श्री विवेक भसीन, निदेशक, भापअ केंद्र द्वारा इस प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया गया। बड़ी संख्या में पाठकों ने इस प्रदर्शनी का लाभ उठाया।

विश्व हिंदी दिवस का आयोजन - श्री विवेक भसीन, निदेशक, भापअ केंद्र की अध्यक्षता में दिनांक 12 जनवरी, 2026 को विश्व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के एक भाग के रूप में, नवोदित गायिका कुमारी दृष्टि गुप्ता, अणुशक्तिनगर द्वारा गीतमाला की प्रस्तुति दी गई, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

पत्रिकाओं का लोकार्पण - 12 जनवरी, 2026 को आयोजित विश्व हिंदी दिवस के कार्यक्रम के अवसर पर केंद्र के निदेशक श्री विवेक भसीन के कर-कमलों से निम्नवत पत्रिकाओं का लोकार्पण किया गयाः-

- परमाणु विज्ञान - भापअकें, मुंबई की सामाजिक सरोकार से जुडी अर्ध वार्षिक हिंदी वैज्ञानिक पत्रिका।
- राजभाषा समाचार विशेषांक - हिंदी माह, 2025 की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित संकलन।

हिंदी माह, 2025 के पुरस्कारों का वितरण - 12 जनवरी, 2026 को हिंदी माह, 2025 के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के 115 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त, 01 सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को "हिंदी सितारा" से सम्मानित किए गए जबकि दो (02) अन्य प्रतिभागियों को "हिंदी विशिष्ट प्रतिभागिता" पुरस्कार प्रदान किए गए।



परमाणु विज्ञान

सामाजिक सरोकार से जुडी अर्ध वार्षिक हिंदी वैज्ञानिक पत्रिका।



राजभाषा समाचार

हिंदी माह, 2025 की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित संकलन।